# आयलानी की 30,754 वोटों से ऐतिहासिक जीत






मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ▪ अंक : 221 ▪ रविवार, 24 नवंबर 2024 ▪ 3 रुपए ▪ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

- ओमी पप्पू कालानी की हुई करारी हार
- कुमार आयलानी को मंत्री बनाने की मांग
- भाजपा में जश्न, तो कालानी खेमे में मातम
- पहले राउंड से ही आयलानी ने बढ़ती बना ली थी
- मिर्ची के पकोड़े जीत के जश्न में बांटे गए
- शहर में गुंडाराज को रोकने में आयलानी सफल

| | |
|---|---|
| 1) कुमार आयलानी | - 82,231 |
| 2) ओमी कालानी | - 51,477 |
| 3)संजय गुप्ता | - 7473 |
| 4)भगवान भालेराव | - 4969 |
| 5)भारत राजवानी | - 1821 |
| 6)नोटा | - 1759 |

## तीसरी बार विधायक बने कुमार आयलानी को मिले 82231 वोट







**2009 में कुमार आयलानी 7538 वोटों से जीते थे**
**2019 में कुमार आयलानी 2004 वोटों से जीते थे**

उल्हासनगर। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुए मतगणना में एक नया इतिहास बन गया है। महायुति भाजपा के उम्मीदवार कुमार आयलानी ने रिकार्ड तोड़ जीत हासिल कर तीसरी बार विधायक बन गए हैं। आयलानी ने महाविकास आघाडी राकांपा के उम्मीदवार ओमी पप्पू कालानी को 30,754 मतों से हराया है। यह उल्हासनगर विधानसभा चुनाव की ऐतिहासिक व सबसे बड़ी मार्जिन की जीत है। इस जीत से भाजपा में जश्न का माहौल है तो कालानी खेमे में मातम छाया हुआ है।

ज्ञात हो कि कल उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना हेतु कुल 19 राऊंड होने थे जिसमें पहले ही राउंड में कुमार आयलानी ने बढ़त बनानी शुरू कर दी जो आखिर तक जारी रही। ऐसा कहा जा सकता है कि यह एक तरफा जीत आयलानी की हुई है। ओमी कालानी कोई भी राउंड में उनकी लीड तोड़ने में सफल नहीं हो पाए। जैसे ही 10वें राउंड तक यह लीड बढ़कर 8 से 10 हजार पार हुई तो भाजपाईयों ने जश्न मनाना शुरू कर दिया। भाजपाईयों को भी यकीन नहीं हो रहा था कि इस बार इतनी बड़ी लीड से उनकी जीत होगी। पूर्व महापौर मीना आयलानी ने लाडकी बहनों के साथ मिलकर आमदार कार्यालय में दोपहर को ही जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया उन्होंने कहा कि शहर की जनता समझदार है इसलिए उन्होंने गुंडाराज न चुन कर शहर विकास को चुना है। इस जीत पर कुमार आयलानी ने शहर के सभी मतदाताओं खासकर अपनी लाडली बहनों और युवा मतदाताओं का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उल्हासनगर शहर में मतदान का प्रतिशत बढ़ाकर उनकी ताजपोशी की है। वहीं पप्पू कालानी का मतदान के दिन आमदार कार्यालय के बाहर दुर्व्यवहार करना उनके लिए ही घातक साबित हुआ क्योंकि बाद में पड़े वोट पूरी तरह से कुमार आयलानी के पक्ष में आ गए क्योंकि शहर की जनता गुंडागर्दी पसंद नहीं करती। आयलानी ने कहा कि मेरे किए गए विकास कार्यों का जनता ने समर्थन कर मुझे तीसरी बार विधायक बनाया है यह जीत उनकी है। भाजपा, शिवसेना, राष्ट्रवादी के साथ अन्य मित्र पक्ष के कार्यकर्ता आयलानी को बधाई देने पहुंच रहे थे। देर शाम तक यह सिलसिला कायम रहा।






## चौथी बार अंबरनाथ के विधायक बने किणीकर

### डॉ. बालाजी किणीकर 51,024 वोटों से विजयी

| | |
|---|---|
| डॉ. बालाजी किणीकर | - 1,10,138 |
| राजेश वानखेडे | - 59,114 |

युसुफ शेख

**अंबरनाथ।** अंबरनाथ मतदार संघ से महायुति शिवसेना शिंदे गुट के उम्मीदवार डॉ. बालाजी किणीकर ने महाविकास आघाडी उबाठा के राजेश वानखेडे को भारी वोटों से पराभूत किया है। किणीकर को 1,10,138 वोट प्राप्त हुए हैं। तो राजेश वानखेडे को 59,114 वोट मिले हैं। किणीकर 51,024 वोटों से जीत गए हैं। डॉ. बालाजी किणीकर चौथी विधायक बन गए हैं। उनकी जीत के बाद शहर में शिवसेना शिंदे एवं भाजपा के कार्यकर्ताओं, नेताओं ने गुलाल उड़ाकर, फूल बरसाकर, मिठाई बांटकर एवं पटाखे फोड़कर ढोल ताशे की धून पर नाचते गाते, नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला, शिवसेना बदलापुर शहराध्यक्ष वामन म्हात्रे, उल्हासनगर शहराध्यक्ष राजेंद्र चौधरी ने पुष्प गुच्छ देकर उनको बधाई दी. किणीकर पहले राउंड की मतगणना से आगे चल रहे थे। 10वें राउंड तक उन्होंने निर्णायक आघाडी ले ली थी। 25वें राऊंड तक वह आगे रहे आखिर वह 51 हजार वोटों से विजयी घोषित किए गए।

**बालाजी किणीकर को मंत्री बनाया जाए**

शनिवार सुबह 8 बजे से मतगणना केंद्र महात्मा गांधी विद्यालय में कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना की शुरुआत हुई दोपहर तीन बजे तक मतगणना पूरी कर दी गई। एक खास बात ये देखने को मिली कि विजय जुलूस में शिवसेना शिंदे गट के अरविंद वालेकर जोकि किणीकर से नाराज चल रहे थे। वह स्वतः अथवा उनके समर्थक विजयी जुलूस में दिखाई नहीं दिए। जीत के बाद डॉ. किणीकर ने कहा कि ये मेरे अकेले की जीत नहीं ये जीत मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व हमारे कार्यकर्ताओं एवं लाडकी बहनों की जीत है। डॉ. किणीकर चौथी बार विजय होकर विधायक बन गए हैं। इससे पूर्व तीन चुनाव में मिले वोटों से भी ज्यादा वोट किणीकर को चौथी बार मिले हैं। कार्यकर्ताओं एवं उनके नेताओं ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि किणीकर को को मंत्री बनाया जाए।

**यह धनशक्ति की विजय- राजेश वानखेडे**

तो पराभूत उम्मीदवार राजेश वानखेडे ने अपने बयान में कहा है कि जनशक्ति विरुद्ध धन शक्ति का मुकाबला हुआ है। जिसमें धन शक्ति विजय हुई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि ईवीएम मशीन और सत्ता का दुरुपयोग करके विजय प्राप्त की गई है।

## दबाव की राजनीति से हुई कालानी की हार ?



- क्या ओमी कालानी गलत उम्मीदवार थे?
- क्या पप्पू कालानी को आयलानी के कार्यालय जाना चाहिए था?
- कालानी की पुरानी रणनीति हुई फेल
- कालानी की हार पर चिंतन मंथन शुरू

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर विधानसभा चुनाव में महाविकास आघाड़ी राकांपा के उम्मीदवार ओमी पप्पू कालानी की ऐतिहासिक हार को लेकर अभी से ही चिंतन मंथन शुरू हो गया है। चुनाव से पूर्व कालानी समर्थकों पर की गई दबाव की राजनीति कालानी समर्थक इसे हार का सबसे बड़ा कारण मान रहे हैं। वहीं राजनीतिक विशेषज्ञ इस हार के कई कारण बता रहे हैं। चुनाव से ऐन पूर्व कालानी समर्थकों पर आयकर विभाग की छापेमारी और उनके कुछ समर्थकों को चुनाव के दिन नजरबंद व शहर से बाहर व सलाखों के पीछे भेज देने की खबरें आयी थी। कालानी समर्थक इस हार का मुख्य कारण बात रहे हैं। जबकि राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि राकांपा ने ओमी कालानी के बदले पंचम कालानी को उम्मीदवारी देनी चाहिए थी। इसके अलावा मतदान के दिन पूर्व विधायक पप्पू कालानी द्वारा कुमार आयलानी के दफ्तर में मिर्ची के पकोड़े खाते हुए जो हंगामा किया वो स्टंट उनके खिलाफ गया है ऐसी चर्चा जोरों पर चल रही है। उनकी पुरानी रणनीति पूरी तरह फेल साबित हुई है जिस कारण आगामी मनपा चुनाव से पूर्व उन्हें मंथन करना होगा।

## सुलभा गणपत गायकवाड़ 26,408 वोटों से जीती




| | |
|---|---|
| सुलभा गणपत गायकवाड़ | - 81,516 |
| महेश गायकवाड़ | - 55,108 |
| धनंजय बोडारे | - 39512 |

**कल्याण।** कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में महायुति भाजपा उम्मीदवार सुलभा गणपत गायकवाड़ रिकार्ड तोड़ 26 हजार 408 वोटों से विजयी हो गई है। अपक्ष उम्मीदवार महेश गायकवाड़ दूसरे स्थान पर रहे जबकि महाविकास आघाडी से शिवसेना उबाठा के उम्मीदवार धनंजय बोडारे तीसरे स्थान पर रहे।

कल्याण पूर्व की इस सीट पर हो रही मतगणना में भाजपा की सुलभा गायकवाड़ ने शुरु से ही लीड बना ली थी लेकिन उन्हें अपक्ष उम्मीदवार महेश गायकवाड़ जोरदार टक्कर दिए हुए थे। लेकिन उन्होंने अपनी लीड को बढ़ाए रखा और महेश गायकवाड़ को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा की सुलभा गायकवाड़ को 81 हजार 516 वोट मिले जबकि महेश गायकवाड़ को 55 हजार 108 वोट मिले। महाविकास आघाडी उम्मीदवार धनंजय बोडारे को 39 हजार 512 वोट मिले। जबसे हिललाईन पुलिस थाने में गणपत गायकवाड़ द्वारा महेश गायकवाड़ पर फायरिंग हुई थी और इस मामले में गणपत गायकवाड़ के जेल में जाने से और महेश गायकवाड़ के चुनाव मैदान में उतरने से यह तय हो गया था कि यह चुनाव इन दोनों के ही बीच होगा। फायरिंग कांड पूरे छाया में मुद्दा छाया रहा बावजूद गणपत गायकवाड़ की पत्नी चुनाव जीत गई क्योंकि महेश गायकवाड़ को शिवसेना शिंदे गुट से टिकट नहीं मिला जिस कारण उन्होंने बंडखोरी कर अपक्ष चुनाव लड़ा। बावजूद कल्याण पूर्व की जनता ने सुलभा गणपत गायकवाड़ को ही अपना विधायक चुना।

## ठाणे जिला में महायुति का लहराया परचम

### महायुति भाजपा 9, शिवसेना 6 , राकांपा-1 राष्ट्रवादी एसपी व सपा को एक एक जगह मिली



ठाणे। राज्य में महायुती या महाविकास आघाडी की सत्ता को लेकर चल रहा रस्सा कस्सी में महायुति ने बाजी मारी। शनिवार को चल रहे ठाणे विधानसभा चुनाव के 18 सीटों पर महायुति ने 16 सीटों पर किया कब्जा।वही उद्धव ठाकरे पक्ष का खाता नहीं खुला। ठाणे शहर, भिवंडी पश्चिम, कल्याण पूर्व, डोंबिवली, बेलापुर, ऐरोली, मुरबाड, उल्हासनगर, मीरा भायंदर सीटें जीत ली हैं जबकि एनसीपी अजीत दादा पक्ष ने शाहपुर और एनसीपी शरद चंद्र पवार समूह ने फिर से मुंब्रा कलवा सीट जीत ली है। भिवंडी पूर्व से समाजवादी ने अपना गढ़ बरकरार रखा है। ठाणे कोपरी पाचपखाड़ी विधानसभा चुनाव क्षेत्र से मुख्यमंत्री एकनाथ संभाजी शिंदे को कुल 159060 मिला वही उद्धव ठाकरे पक्ष के केदार प्रकाश दिघे को 38343 मत मिला 120717 मत से एकनाथ शिंदे विजयी घोषित हुए।148 ठाणे शहर विधानसभा चुनाव क्षेत्र से भाजपा के संजय मुकुंद केलकर को 120373 मत मिला वही उद्धव ठाकरे पक्ष के राजन बाबूराव विचारे को 62120 मत मिला 58253 मत से संजय केलकर विजयी घोषित हुए।149 कलवा मुंब्रा विधानसभा चुनाव क्षेत्र से जितेंद्र सतीश आव्हाड को कुल 157141 मिला वही राकपा नजीब मुल्ला को 60913 मत मिला 96228 मत से जितेंद्र आव्हाड विजयी घोषित हुए।

## मामा ने की भांजी की जलाकर हत्या, मामा 3 दिन के रिमांड पर

- * तीन साल की बच्ची का मिला था अर्धजला शव
- * आरोपी ने कबूला अनजाने में हुई मौत
- * बच्ची पर नहीं हुआ अत्याचार
- * उल्हासनगर 5 की घटना
- * पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाई




**उल्हासनगर।** उल्हासनगर 5 में तीन साल की बच्ची की हत्या कर शव जलाने की घटना में गिरफ्तार उसके सगे मामा को कल न्यायालय में पेश किया गया जहां उसे 3 दिन की रिमांड में रखने का आदेश दिया गया। ज्ञात हो कि सोमवार को कि घर में खेलते समय मामा ने अपनी 3 साल की भांजी को जोर का धक्का मारा, लेकिन धक्का जोरदार लगने से बच्ची के सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। इससे घबराकर बच्ची के मामा ने उसका शव छिपा दिया और बुधवार को मतदान के दिन शव को ठिकाने लगाने के लिए झाड़ियों में फेंककर जला दिया। पुलिस ने आरोपी मामा को हिरासत में ले लिया। आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर कहा कि हत्या के इरादे से यह कृत्य नहीं किया, अनजाने में हुआ। पुलिस ने हत्या की गुत्थी सुलझाने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर उसे अदालत में पेश किया जाएगा. जहां उसे 3 दिन की रिमांड पर भेज दिया गया।

## अंबरनाथ शिव मंदिर रोड पर दुर्घटना 1 की मौत

*** मुर्गियों को ले जाने वाले टेम्पो का ब्रेक हुआ फेल**

*** एक्टिवा चालक की घटनास्थल पर ही मौत**







अंबरनाथ। अंबरनाथ में शनिवार सुबह को एक भीषण दुर्घटना हुई है। जिसमें मुर्गियों को ले जाने वाले बेकाबू वाहन ने एक एक्टिवा को जोरदार ठोकर मारी जिसमें एक्टिवा चालक की जगह पर ही मौत हो गई। इस घटना में मुर्गी वाहन में मौजूद मूर्गियां भी मर गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार अंबरनाथ शिवमंदिर रोड पर मे फॉल्वर इमारत के बाहर शनिवार सुबह को एक मुर्गीयों को ले जाने वाली वाहन एमएच05 ईएल 7588 का ब्रेक फेल हो जाने से सामने से आ रही एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में एक्टिवा चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज जीप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है।




## अंबरनाथ की एक ईमारत से नवजात शिशु फेंकने वाली महिला गिरफ्तार

### अंबरनाथ पश्चिम शंकर हाईट्स इमारत की वारदात

अंबरनाथ। अंबरनाथ में एक सनसनीखेज घटना हुई है। एक कुंआरी लड़की ने अनैतिक संबंध से एक स्त्री जाती की नवजात शिशु को जिंदा दूसरे मंजिल के बाथरुम के डक से नीचे फेंक दिया। जिससे नवजात की मौत हो गई है। ऐसा यहां के कुछ निवासियों ने बताया है। आरोपी लड़की को अंबरनाथ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना अंबरनाथ पश्चिम के शंकर हाईट्स इमारत में गुरुवार को घटी है। नवजात शिशु का सर फटा हुआ पाया गया और उसके सर पर से रक्त बहते हुए देखा गया। नवजात के शव को पुलिस ले गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा कि नवजात की मौत कैसे हुई है। गुरुवार सुबह में लोगों ने देखा और पूर्व नगरसेवक उमेश पाटील को बताया। उमेश घटना स्थल पर गए और पुलिस को खबर की। पुलिस ने तुरंत एक्शन में आयी और शंकर हाईट्स इमारत के फेस टू के दूसरे मंजिल पर किराए से रह रही लड़की को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए उमेश पाटील ने कहा कि ये बहुत ही दुखद घटना है। ये एक शर्म की बात है। शिशु को उपर से फेंका गया है या उसको डर के अंदर लाकर रखा गया है यह जांच का विषय है। उन्होंने ऐसा अंदाजा जाता है कि शिशु का जन्म रात में ही हुआ है। इस परिसर में इस घटना से हड़कंप मच गया है।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास

## संपादकीय

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर सट्टेबाजी, इस खतरनाक जाल में फंस रहे हैं युवा

कुछ मशहूर खिलाड़ियों और जानी-मानी हस्तियों ने 'गेमिंग ऐप' का जिस तरह भ्रमित कर देने वाला प्रचार किया है, उसके बुरे नतीजे साफ दिखने शुरू हो गए हैं। आनलाइन गेमिंग की आड़ में नए तौर-तरीके से सट्टेबाजी हो रही है और उसके शिकार हो रहे हैं किशोर और युवा। आनलाइन गेम की लत उन्हें इस जुए के नए जाल में फंसा रही है। उत्तर प्रदेश के झांसी में नर्सिंग की एक छात्रा ने सट्टे में बड़ी रकम गंवाने के बाद जो किया, वह कोई अकेली घटना नहीं है। कुछ महीने पहले अलीगढ़ में भी एक लड़के ने ऐसी सट्टेबाजी में हजारों रुपए बर्बाद करने के बाद अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रची थी। झांसी में टोडी फतेहपुर की छात्रा ने भी दोस्तों के साथ मिल कर वही कहानी दोहराई और अपने ही परिजनों से छह लाख रुपए की फिरौती मांगी। दरअसल, आजकल आनलाइन सट्टेबाजी का चस्का जिस तरह लोगों को लगा है, वह कई भारतीय परिवारों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। झांसी का मामला ऐसी घटनाओं की एक कड़ी भर है। ऐसे हजारों युवा होंगे जो रोज लाखों रुपए गंवा रहे होंगे और जिन पर किसी की नजर नहीं जा पाती।

सवाल है कि किसी तरह की सट्टेबाजी गैरकानूनी होने के बावजूद चोरी-छिपे या खुलेआम विज्ञापन देकर युवाओं को अगर जुए की लत में फंसाया जा रहा है, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? आनलाइन गेमिंग के नाम पर चल रहे इस खेल को कौन बढ़ावा दे रहा है और इसके नतीजे क्या आ रहे हैं, यह कानून की नजर में अवश्य होना चाहिए। पिछले कुछ समय से कई 'बेटिंग ऐप्स' और वेबसाइटों पर खुलेआम सट्टेबाजी हो रही है।

पहली बार कोई सट्टा जीतता है, तो फिर उसके बाद उसके लिए एक दलदल तैयार हो जाता है, जिसमें घुसने के बाद वह निकल नहीं पाता। शुरू में कमाई हुई, फिर कब सारी पूंजी लुट गई, इसका अहसास तब होता है जब पीड़ित को यह पता चलता है कि दोस्तों से कर्ज लिए रुपए भी डूब गए। यह भी संभव है कि सट्टेबाजी कराने वाली कंपनियां युवाओं की मनोस्थिति भांप कर उनको जाल में फंसाती हों। इस तरह के खेल में उलझना एक अंधी सुरंग में भटक जाने की तरह है। इसमें फंसने वाले युवाओं और किशोरों को बचाने की जरूरत है।

# आतंक के गढ़ पाकिस्तान में हुआ खूनी खेल



यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि आतंकवाद दुनिया भर के लिए एक बड़ी चुनौती है और इससे पीड़ित देशों की सीमाएं नहीं रह गई लगती हैं। इस समस्या ने कई अलग-अलग शक्ल अख्तियार कर लिए हैं और निशाने पर लिए गए देश में हमला करके निर्दोष लोगों की हत्या करने में आतंकियों को जरा भी हिचक नहीं होती। भारत पिछले कई दशक से इस जटिल समस्या का सामना कर रहा है। कई बार बड़े और घातक आतंकी हमलों में बड़ा नुकसान उठाने के समांतर भारत ने बहुत सख्ती से आतंकवाद से मोर्चा भी लिया है।

हर थोड़े दिनों के अंतराल के बाद जम्मू-कश्मीर में मुठभेड़ में आतंकियों के मारे जाने की घटनाएं बताती हैं कि भारत किस तरह की चुनौती से जूझ रहा है। आज भी हालत यह है कि आए दिन कश्मीर में आतंकी हमले होते रहते हैं और उसमें आम लोगों और सुरक्षा बलों के जवानों की जान चली जाती है। सवाल है इस तरह आतंकी तत्त्वों को संरक्षण कौन देता है? किसे इस बात से संतोष मिलता दिखता है कि भारत को आतंकवाद की समस्या का जाल में फंसा कर रखा जाए, ताकि उसे अन्य मोर्चों पर अपनी संगठित ऊर्जा लगाने का मौका न मिले।

**पाकिस्तान से संचालित होते हैं आंतकी ठिकाने:** यह जगजाहिर रहा है कि भारत में और खासतौर पर जम्मू-कश्मीर के इलाके में जितने भी आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं, आमतौर पर वे पाकिस्तान स्थित ठिकानों से संचालित होते हैं। कुछ वर्ष पहले बेजिंग में हुए ब्रिक्स बैठक के घोषणापत्र में अपनी सीमा में आतंकवादी संगठनों को पनाह देने के लिए पाकिस्तान को कठघरे में भी खड़ा किया गया था। एक ओर पाकिस्तान अपनी सीमा में ऐसे ठिकानों को ध्वस्त करने और आतंकी संगठनों के खात्मे में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाता है और दूसरी ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और बातचीत की दुहाई भी देता है। यह स्थिति तब भी बनी हुई है जब खुद पाकिस्तान में भी आम लोग आए दिन बड़े आतंकी हमलों का शिकार होते रहते हैं। गुरुवार को भी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुए आतंकी हमले में कम से कम पचास लोगों के मारे जाने और कइयों के घायल होने की खबर आई। इसी तरह के दोहरे रवैये से आतंकवाद की समस्या से निपटने के उसके दिखावे का पता चलता है, जिसका खमियाजा खुद उसे भी उठाना पड़ता है।

**विश्व भर में हुए कई आतंकी घटनाएं:** हालांकि भारत ने अपनी ओर से पाकिस्तान के सामने बातचीत के जरिए समस्याओं के निपटाने का दरवाजा खुला रखा, इसके बावजूद पाकिस्तान के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। इसलिए अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने ठीक ही कहा है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत में पहला मुद्दा आतंकवाद पर रोक लगाना है। यों भी, आतंकवाद के प्रति भारत की नीति स्पष्ट रही है कि वह इसे किसी भी रूप में बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा। इसकी वजह यही रही है कि भारत लंबे समय से सीमापार से जारी और इसके अलावा भी वैश्विक आतंकवाद का शिकार रहा है।

**भारत-चीन के बीच भरोसे की कूटनीति, रूस ने दोनों देशों में कराई मध्यस्थता:** मुंबई और पुलवामा में हुए आतंकी हमलों की तरह की बड़ी घटनाओं के अलावा यह समस्या भारत के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। पिछले कुछ समय से जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग इलाके में जिस तरह लक्षित आतंकी हमलों का सिलसिला बढ़ गया है, उसके स्रोत और कारण को समझना मुश्किल नहीं है। विडंबना यह है कि अनेक मौके पर अंतरराष्ट्रीय बिरादरी से आतंकवाद के मसले पर फटकार सुनने के बावजूद पाकिस्तान को अपनी भूमिका में सुधार लाने की जरूरत महसूस नहीं होती।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

**ध्यानाभ्यास सीखने से हम ऐसे द्वार में प्रवेश कर जाते हैं जो हमें अंतर में आनंद, प्रकाश, और प्रेम से भरपूर मंडलों में ले जाता है।**

**- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

**स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२**

**देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक**

# 'सोने' में मिलावट का चल रहा बड़ा खेल, कीमत दिन-प्रतिदिन छू रही आसमान



शादी-ब्याह के मौके पर सोना खरीदने के लिए भीड़ इसीलिए देखी जाती है। लेकिन इसकी कीमत जिस तरह से आसमान छू रही है उससे खरीद तो मुश्किल हो ही गई है, सोने में मिलावट और तस्करी भी बढ़ रही है। यह चिंता की बात है।

**शादियों में सोने के दामों में तेजी से बढ़ोत्तरी:** शादी-ब्याह के मौसम में सोने-चांदी के दामों में तेजी देखने को मिल रही है। इस साल सोने के दाम जिस तेजी से बढ़े हैं, यह चिंता की बात है। सोना हमेशा से भारतीय संस्कृति और अर्थव्यवस्था का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहा है। लोग इसे न सिर्फ गहनों के रूप में पहनते हैं, बल्कि निवेश के एक सुरक्षित विकल्प के रूप में भी देखते हैं। सोने की कीमतों का अर्थव्यवस्था पर असर साफ दिखता है। जैसे-जैसे कीमतें बढ़ती हैं, वैसे-वैसे महंगाई बढ़ने की रफ्तार भी तेज होती है।

**पूरी तरह आयात पर निर्भर है भारत में सोना:** दरअसल, भारत सोने के मामले में पूरी तरह आयात पर निर्भर है। वैश्विक स्तर पर होने वाले भू-राजनैतिक बदलावों का सोने के दाम पर असर होता है। दुनियाभर के केंद्रीय बैंक अपने भंडार में सोने की मात्रा बढ़ा रहे हैं, जिससे मांग बढ़ रही है और कीमतें भी। बढ़ती महंगाई रोकने के लिए सोना जमा करना अच्छा उपाय माना जाता है। लेकिन साथ में कई अन्य उपाय भी करने होते हैं।

पारंपरिक निवेश में सोने को सबसे बेहतर और सुरक्षित विकल्प के रूप में देखा जाता है। निवेशकों के मन में सुरक्षा भाव होता है। निवेश के लिहाज से सोने में तेजी का रुख एक निश्चित अंतराल पर बनता रहा है। इस लिहाज से निवेशकों को सोने में तेजी से लाभ कमाने का मौका मिल सकता है। लेकिन जो लोग सोने में निवेश नहीं करते और सिर्फ जरूरत भर के लिए खरीदते हैं, उनके लिए मुश्किल यह है कि महंगा सोना कहां से खरीदें।

**सोने में बढ़ी मिलावट और तस्करी:** भारत में एक गरीब व्यक्ति की भी कोशिश होती है कि सोने का छोटा टुकड़ा ही सही, धारण करे। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए सोने का पारंपरिक और भावनात्मक मूल्य है। शादी-ब्याह के मौके पर सोना खरीदने के लिए भीड़ इसीलिए देखी जाती है। लेकिन इसकी कीमत जिस तरह से आसमान छू रही है उससे खरीद तो मुश्किल हो ही गई है, सोने में मिलावट और तस्करी भी बढ़ रही है। यह चिंता की बात है। मांग और कीमत बढ़ने से मिलावटी सोने का बाजार भी बढ़ रही है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अहितकर है। ऐसे में सरकार और तमाम एजंसियों को कई बिंदुओं पर विचार करने, उपभोक्ताओं के हित में सख्त कदम उठाने और कड़ी निगरानी की जरूरत है।

# पालतू कुत्तों के लिए भी होटल!



यहाँ एक नया होटल खुला है। यह अपने आप में एक भव्य और अनोखा होटल है। इसमें भव्य कमरे और

**जरा हट के**

स्वीमिंग पूल हैं। मेरथल टेडफिल में 'द रॉयवान पेट होटल' खुलने के साथ ही चर्चा में आ गया। कारण था ही कुछ ऐसा क्योंकि यह श्वानों के लिए खुला फाइव स्टार होटल है। अब आप कहेंगे कि श्वान भला अकेले कहाँ घूमने जाते हैं? तो जरा इस होटल को खोलने का उद्देश्य भी सुन लीजिए कि जो लोग अपने घर से बाहर लंबी छुट्टियाँ बिताना चाहते हैं उनके लिए अपने पालतू श्वान को किसके भरोसे छोड़कर जाएँ यह एक समस्या बन जाता है। इसी समस्या का हल देता है यह होटल। यहाँ सामान्य अतिथि श्वानों के लिए 29 पाउंड प्रतिदिन के खर्च पर कमरा उपलब्ध है।

इस होटल का परिसर भी काफी बड़ा है ताकि मेहमानों को घूमने-फिरने की पर्याप्त जगह मिले। होटल की राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री या फिर इन्हीं के कद के अन्य व्यक्तियों के पालतू श्वानों के लिए खास कमरा भी है जिसमें 22 इंच का टेलीविजन भी है। इस कमरे में श्वान एनीमल प्लानेट या अपनी रुचि का चैनल देख सकते हैं। होटल के प्रवक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि हम आने वाले मेहमानों को लेकर उत्सुक हैं और उन्हें बेहतर सेवा देकर उनका दिल जीतने की कोशिश करेंगे। होटल स्टाफ पलक-पावड़े बिछाकर उत्सुक है कि -




**आलू रोजमर्रा की एक आम सब्जी है लेकिन आप कुछ साधारण सामग्री के साथ इसे ट्विस्ट दे सकते हैं। आलू कुर्मा एक बेहतरीन रेसिपी है जिसमें भूनकर काजू, मसाले और दही के साथ ग्रेवी तैयार की जाती है। गर्मी के मौसम में ब्रंच टाइम या फिर डिनर पार्टी के लिए यह अच्छा ऑप्शन है।**

**कुल समय**
1 घंटा 10 मिनट
**तैयारी का समय**
20 मिनट
**पकने का समय**
50 मिनट
कितने लोगों के लिए
4मीडियम

# आलू कुर्मा



**आलू कुर्मा की सामग्री** 8 मीडियम आलू**दही का मिश्रण बनाने के लिए:** 10 ग्राम अदरक पेस्ट20 ग्राम लहसुन पेस्ट3 ग्राम लाल मिर्च पाउडर6 ग्राम धनिया पाउडर125 ग्राम दहीकुकिंग **सामग्री:**90 ग्राम देसी घी4 हरी इलाइची( पानी के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें। ) काजू , रोस्टेडस्वादानुसार नमक1 टी स्पून हरी इलाइची पाउडर1.5 ग्राम कालीमिर्च पाउडरएक चुटकी जायफल पाउडर1 टी स्पून नींबू का रस3 टेबल स्पून डेयरी क्रीम20 ग्राम हरा धनिया

**आलू कुर्मा बनाने की विधि**

1.आलूओं को धोकर, छील लें और आधा काट लें।

2.इन्हें फ्राई करने के लिए एक पैन में तेल गर्म करें। जब आलू सूख जाएं तो इन्हें गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें।

3.दही का मिश्रण बनाने के लिए सभी सामग्री को एक साथ मिला लें और एक तरफ कर दें। एक पैन में देसी घी डालकर मीडियम आंच पर रख दें, इसमें हरी इलाइची डालें.

4.अब इसमें कटा हुआ प्याज डालें और गोल्डन ब्राउन होने तक फ्राई करें। इसमें एक कप पानी डालें और इसे लगातार चलाते रहे ताकि इसका पानी सूख जाए और तेल अलग हो जाए।

5.इसमें दही का मिश्रण डालें, इसे चलाएं और तेल अलग होने तक इसे भूनें। इसके बाद इसमें काजू का पेस्ट डाले और लगातार भूनें।

6.अब इसमें आलू डालें, इसी के साथ नमक, एक कप पानी, इलाइची, कालीमिर्च और जायफल पाउडर डालें और ढककर धीमी आंच पर 4 से 5 मिनट तक पक पकाएं.

7.इसका ढक्कन हटाएं, इसमें नींबू का रस डालकर एक मिनट के लिए पकाएं, इसमें क्रीम डालकर आंच से हटा लें। बाउल में निकाल और हरे धनिये से गार्निश करके सर्व करें।

## आज का राशिफल


**मेषः** निवेश के सुखद परिणाम आएंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा।


**वृषभः** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। व्यस्तता रहेगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी।


**मिथुनः** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। निवेश शुभ रहेगा। आय होगी। प्रमाद न करें। पुराने शत्रु परेशान कर सकते हैं।


**कर्कः** कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।


**सिंहः** कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।


**कन्याः** धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में सावधानी रखें, विशेषकर स्त्रियां रसोई में ध्यान रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता बनी रहेगी। कुसंगति से हानि होगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा।


**तुलाः** कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। अज्ञात भय रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।


**वृश्चिकः** आय में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।


**धनुः** भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। किसी गलती का खामियाजा भुगतना पड़ सकता है।


**मकरः** आज लेन-देन में विशेष सावधानी रखें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। दुःखद समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी।


**कुंभः** पराक्रम बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। सुख के साधन जुटेंगे।


**मीनः** वआत्मविश्वास में वृद्धि होगी। विवेक से कार्य करें। विरोधी सक्रिय रहेंगे। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। प्रमाद न करें।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री


# सावधान! धीरे धीरे आपको मार रहे हैं ये 6 फू*

## अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए इन चीजों को अपनी डाइट में नहीं करें शामिल

स्वस्थ जीवन के लिए यह जानना आवश्यक है कि हम क्या खा रहे हैं। कई बार हम ऐसी चीजों का सेवन करते हैं जो दिखने में स्वादिष्ट और आकर्षक लगते हैं, लेकिन वास्तव में वे हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक होते हैं। यह नुकसान धीरे-धीरे होता है, और हमें तब तक पता नहीं चलता जब तक गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं सामने न आ जाएं। आइए, जानते हैं ऐसे ही कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में जो आपको धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**प्रोसेस्ड फूडः** प्रोसेस्ड फूड जैसे पैकेज्ड स्नैक्स, इंस्टेंट नूडल्स और प्रोसेस्ड मीट में प्रिजर्वेटिव, सोडियम और ट्रांस फैट की अधिकता होती है। ये तत्व शरीर में फैट जमा करते हैं और हृदय रोग, हाई ब्लड प्रेशर और मोटापे का खतरा बढ़ाते हैं। इनमें पोषक तत्वों की कमी होती है और ये शरीर के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर सकते हैं।

**सफेद आटाः** सफेद आटा पोषण से रहित होता है। यह फाइबर रहित होता है और तेजी से ब्लड सर्कुलेशन के स्तर को बढ़ाता है। लंबे समय तक इसका सेवन वजन बढ़ाने और टाइप 2 डायबिटीज की



संभावना बढ़ा सकता है।

**अधिक नमक वाले खाद्य पदार्थ :** अधिक नमक वाले खाद्य पदार्थ जैसे चिप्स, अचार और प्रोसेस्ड फू* हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग का कारण बन सकते हैं। अधिक नमक से किडनी पर दबाव पड़ता है और यह पानी को शरीर में रोक कर रखता है, जिससे सूजन हो सकती है।

**ट्रांस फैट युक्त खाद्य पदार्थ :** ट्रांस फैट खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) को बढ़ाते हैं और अच्छे कोलेस्ट्रॉल (HDL) को कम करते हैं। यह स्थिति दिल की बीमारियों का मुख्य कारण है। डीप फ्राइड फूड, पैकेज्ड कुकीज और बेकरी उत्पादों में ट्रांस फैट अधिक मात्रा में पाए जाते हैं।

**पैकेज्ड मिठाइयांः** पैकेज्ड मिठाइयों में चीनी और आर्टिफिशल तत्वों की मात्रा अधिक होती है। ये न केवल वजन बढ़ाते हैं, बल्कि ब्लड शुगर लेवल को भी असंतुलित करते हैं, जिससे डायबिटीज और अन्य मेटाबॉलिक समस्याएं हो सकती हैं।


**शुगर युक्त पेयः** सोडा, पैक्ड जूस और एनर्जी ड्रिंक्स में उच्च मात्रा में शुगर होती है। ये पेय रक्त में शुगर का स्तर बढ़ाते हैं और इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बन सकते हैं। लगातार इनका सेवन करने से टाइप 2 डायबिटीज और मोटापा हो सकता है।

### कैसे बचें इनसे?

**प्राकृतिक और ताजे खाद्य पदार्थों का सेवन करें। प्रोसेस्ड और जंक फूड से बचें। घर का बना खाना खाएं। शुगर और नमक का सेवन सीमित रखें। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करें।**

# विंटर्स में शरीर में पानी की कमी से हो सकता है हार्ट अटैक का खतरा

**हार्ट अटैक, जिसे दिल का दौरा भी कहा जाता है, एक गंभीर स्थिति है जो हृदय की मांसपेशियों को पर्याप्त ऑक्सीजन न मिलने के कारण होती है। अक्सर लोग इसके मुख्य कारणों को अनदेखा कर देते हैं। सर्दियों में अक्सर हमें प्यास कम लगती है। इस वजह से कई बार हम लम्बे समय तक पानी नहीं पीते। लेकिन क्या आप जानते हैं कि शरीर में पानी की कमी भी हार्ट अटैक का एक बड़ा कारण हो सकती है?**



### हार्ट अटैक के 5 प्रमुख कारण

**हाई ब्लड प्रेशर**- हाई ब्लड प्रेशर दिल की धमनियों पर अतिरिक्त दबाव डालता है, जिससे दिल की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

**खराब खानपान और मोटापाः** जंक फूड और अत्यधिक फैट युक्त भोजन से कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है, जो हृदय की धमनियों में रुकावट पैदा कर सकता है।

**धूम्रपान और शराब का सेवनः** धूम्रपान और शराब हृदय की नसों को नुकसान पहुंचाते हैं और हार्ट अटैक की संभावना को दोगुना कर देते हैं।

**तनाव और नींद की कमीः** तनाव और अनियमित नींद हार्मोनल असंतुलन को बढ़ाते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

**नियमित व्यायाम की कमीः** शारीरिक गतिविधि की कमी से शरीर में फैट जमा हो सकता है, जिससे हृदय की धमनियां संकीर्ण हो जाती हैं।

### क्या है पानी की कमी और हार्ट अटैक का कनेक्शन

डिहाइड्रेशन, यानी शरीर में पानी की कमी, ब्लड वॉल्यूम को घटा देता है। इससे ब्लड गाढ़ा हो जाता है और दिल को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है, जिससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि नियमित पानी पीने से यह खतरा काफी हद तक कम हो सकता है।

### दिल को स्वस्थ रखने के उपाय

- ✔ दिन में पर्याप्त पानी पीएं।
- ✔ संतुलित आहार का सेवन करें और जंक फूड से बचें।
- ✔ नियमित व्यायाम करें, जैसे योग या दौड़ना।
- ✔ तनाव को कम करने के लिए मेडिटेशन का सहारा लें।
- ✔ नियमित रूप से हेल्थ चेकअप करवाएं।

**दिल स्वस्थ रखना हमारी जीवनशैली पर निर्भर करता है। शरीर में पानी की कमी से लेकर तनाव तक, कई छोटी-छोटी बातें हार्ट अटैक का कारण बन सकती हैं। इन कारणों को समझकर और स्वस्थ आदतें अपनाकर आप अपने दिल का बेहतर ख्याल रख सकते हैं।**

## खबरें गांव की...

### बाजारों में अनिवार्य रूप से रखें जाएं डस्टबिन

**वाराणसी,** वरिष्ठ संवाददाता नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के सभागार में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने घर-घर कूड़ा उठान के दौरान गीले-सूखे कचरे को अलग करना सुनिश्चित करें। बाजारों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने को कहा। उन्होंने नगर निगम में आउटसोर्सिंग पर तैनात सुपरवाइजरों को सफाई कार्य से हटाकर उनके मूल पदों पर जिम्मेदारी देने का निर्देश दिया। उनके स्थान पर स्थायी कर्मियों को सफाई सुपरवाइजर के पद पर रखने को कहा। नगर आयुक्त ने कहा कि मंदिर क्षेत्र वाले मोहल्लों में तीन शिफ्ट में सफाई कराई जाए। 8-8 घंटे की ड्यूटी लगाकर तत्काल इस व्यवस्था को लागू किया जाए। मुख्य अभियन्ता मोइनुद्दीन को चिन्हित 56 नालों पर जाली लगाने का कार्य पूरा कराने को कहा। कपड़े से बने झोले के प्रचार-प्रसार पर जोर देने और प्रतिबंधित प्लास्टिक के उपयोग पर कार्यवाही का निर्देश दिया।

### वृद्ध महिला का शव पेड़ से लटकता मिला

**अयोध्या,** थाना क्षेत्र के मीरमऊ गांव के पास गुरुवार को वृद्ध महिला रूदौली कोतवाली क्षेत्र के चिर्रा की श्यामकला (75) पत्नी चतुरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे पेड़ से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस काफी प्रयास के बाद मृतका के शव की पहचान कर सकी। गुरुवार को शाम मीरमऊ गांव के पश्चिम कब्रिस्तान के पास झाड़ी में गांव के कुछ लोगों ने वृद्ध महिला का शव साड़ी के फंदे से पेड़ से लटकता देखा। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार आजाद ने उपनिरीक्षक प्रभात कुमार द्विवेदी व हेड कांस्टेबल प्रभात कुमार द्विवेदी को मौके पर रवाना किया।

### ट्रेन में महिला का पर्स चोरी करके भाग निकला

**प्रयागराज,** दिल्ली से पटना जा रही 04054 बिजेयू स्पेशल ट्रेन में एक महिला यात्री का पर्स एक युवक ने चोरी कर लिया। वह चलती ट्रेन से कूद कर भाग निकला। पंकज कुमार निवासी नाथनगर, भागलपुर, ने प्रयागराज जीआरपी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पंकज कुमार अपनी पत्नी के साथ कोच एस-6 के सीट नंबर 39 (RAC) पर यात्रा कर रहे थे। तभी एक अज्ञात व्यक्ति उनके सीट के पास आया और उनका पर्स छीनकर चलती ट्रेन से उतरकर भाग गया।पीड़ित ने बताया कि उन्होंने कुछ दूर तक चोर का पीछा किया और शोर मचाया, लेकिन ट्रेन की रफ्तार के चलते वे चोर को पकड़ नहीं सके।

### शराब में हुए खर्च को लेकर साढ़ू ने किया चाकू से हमला

**कानपुर।** नौबस्ता में एक साढ़ू से दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया। गर्दन, कंधे, चेहरे पर चाकू लगने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। उधर, आरोपित चाकू लेकर मौके से भाग निकला। नौबस्ता आवास विकास निवासी सुनैना ने बताया, बुधवार को जीजा आशीष कुमार घर आए थे। इसी दौरान पति माखन सिंह को अपने साथ शराब पीने के लिए ले गए। रात दस बजे घर पहुंचे। दोनों के लिए खाना लगाया। खाने के दौरान जीजा आशीष ने शराब पीने के दौरान खर्च हुए रुपये का हिसाब किताब मांगने लगे। इस बात को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी।

# पाकिस्तान भी मांगे मोदी जैसा नेता

## पीएम का फैन हुआ यह पाक-अमेरिकी व्यापारी, बांधे तारीफों के पुल





एजेंसियां
**इस्लामाबाद,** भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता दुनियाभर में हैं। वाशिंगटन डीसी में एक लॉन्च में शामिल होने पहुंचे पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यापारी साजिद तरार ने पीएम मोदी की तारीफ की। तरार ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने अल्पसंख्यकों के लिए बहुत काम किया है। आज विश्व स्तर पर भारत का एक अलग ही रुतबा है। आज के समय में पाकिस्तान को भी एक मोदी साहब जैसे राष्ट्रवादी नेता की जरूरत है, जो पाकिस्तान को गर्त से बाहर निकाल सके। ग्लोबल इक्विटी अलायंस शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे तरार ने कहा कि मैं अल्पसंख्यकों के समर्थन के लिए बनाए गए इस गठबंधन का समर्थन करने के लिए यहां हूं। अल्पसंख्यकों का मतलब हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, उन सभी से है। बहुत सारे भारतीय लोग यहां पर हैं। आज मैं उन सभी की सफलता की कहानी सुनने आया हूं। मैं यह जानने आया हूं कि आखिर कैसे साथ में आजाद हुए दो मुल्कों में से एक भारत आज दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, जबकि वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान है, जो आईएमएफ के लोन पर चल रहा है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने अल्पसंख्यकों के हितों की है रक्षा

मैं आज यहां भारत की सफलता की कहानी सुनने के लिए ही आया हूं। एडवेंटिस्ट यूनिवर्सिटी में एसोसिएशन ऑफ अमेरिकन इंडियन माइनॉरिटीज ने इस सम्मेलन को आयोजित किया। एएआईएम के अध्यक्ष जसदीप जस्सी ने कहा कि हमारे लिए यह बहुत ही खास दिन है। हमारा यह गठबंधन समय की मांग है। धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ कनाडा और अन्य जगहों पर जो हो रहा है उसे देखते हुए हमने इस संगठन को बनाया है। इसको बनाने के पीछे हमारा एक ही उद्देश्य है कि जैसे पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत ने अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा की है। वैसे ही हम भी एक संगठन के रूप में भारत से बाहर रह रहे अल्पसंख्यकों की मदद करें। हम भारत से बाहर रहने वाले सभी अल्पसंख्यकों से अपील करते हैं कि वह इस संगठन से जुड़ें। क्योंकि हमें अपने अधिकारों की रक्षा और सुरक्षा के लिए एक होना होगा। आज यह संगठन अमेरिका में लॉन्च हुआ है, धीरे-धीरे यह पूरी दुनिया में फैलेगा।

## साइबर अपराध हुआ तो 24 घंटे में लेना होगा एक्शन

■ केंद्र ने नए नियमों की अधिसूचना की जारी



एजेंसियां
**नई दिल्ली,** भारत में बढ़ते साइबर अपराधों का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस साल के शुरुआती चार महीनों में ही 7.4 लाख शिकायतें दर्ज हुईं जिसमें भारतीयों से 1750 करोड़ रुपये ठगे गए। साइबर अपराधियों को मुंहतोड़ जवाब देने और लोगों के बीच साइबर सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए केंद्र सरकार ने कड़े कदम उठाए हैं। इसके तहत दूरसंचार साइबर सुरक्षा के नए नियमों की अधिसूचना जारी कर दी गई है। साइबर अपराध होने पर त्वरित कार्रवाई की नीति के तहत इस पूरे तंत्र के हर सिरे को समयबद्ध तरीके से ट्रेस करके उस पर काबू किया जाएगा। दूरसंचार के किसी भी क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को अब हर हाल में एक चीफ टेलीकम्यूनिकेशंस सिक्योरिटी अफसर रखना होगा। दूरसंचार कंपनियों को कोई भी साइबर अपराध कितने ही छोटे या बड़े पैमाने पर क्यों ना हुआ हो, उसकी एक-एक जानकारी अपने चीफ टेलीकम्यूनिकेशंस सिक्योरिटी के जरिये अधिकतम छह घंटे में केंद्र को देनी होगी। इस ब्योरे में प्रभावित प्रणाली के मौजूदा ब्योरे के साथ ही ऐसी सभी घटनाओं का ब्योरा देना होगा। साइबर अपराध या साइबर सुरक्षा में सेंध के मामले में 24 घंटे के अंदर दूरसंचार कंपनियों को प्रभावित सेवाओं या नेटवर्क वाले यूजर्स, उनकी गफलत की अवधि, भौगोलिक क्षेत्रों का ब्योरा भी आंकते हुए उसे केंद्र सरकार या केंद्रीय एजेंसियों को सौंपना होगा। इसी अवधि में सुधार संबंधी कदम उठा लेने होंगे या फिर उन्हें प्रस्तावित करना होगा। नियमानुसार निर्माता कंपनी के पास एक 'अंतरराष्ट्रीय मोबाइल उपकरण पहचान' (आईएमईआई) अंक भी होता है। निर्माता कंपनियों को अपने ऐसे उपकरण की पहली बिक्री से पहले उसके आईएमईआई नंबर को भारत सरकार के पास पंजीकृत कराना होगा। जांच के बाद व्यवस्था में पाई गई खामियों को दूर करने के लिए फिर से साइबर तंत्र को और चौकस किया जाएगा।

## चिंताजनक है कृषि संकट, MSP की कानूनी गारंटी जरूरी

■ सुप्रीम कोर्ट पैनल की बड़ी सिफारिशें



एजेंसियां
**नई दिल्ली,** भारत की कृषि अर्थव्यवस्था गंभीर संकट का सामना कर रही है, जिसमें बढ़ता कर्ज, घटती आय और जलवायु संकट की चुनौतियां शामिल हैं। पंजाब-हरियाणा सीमा पर फरवरी से आंदोलन कर रहे किसानों की मांगों को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित समिति ने इन समस्याओं पर गंभीर ध्यान देने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी मान्यता देने की सिफारिश की है। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नवाब सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने शुक्रवार को अपनी रिपोर्ट पेश की, जिसमें ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों की चुनौतियों को 'उभरता हुआ सामाजिक-आर्थिक संकट' करार दिया गया। यह रिपोर्ट न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ को सौंपी गई। पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने अदालत को बताया कि किसानों को शुरू में समिति की ओर से बड़े बदलावों को लागू करने की क्षमता पर संदेह था। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन करने वाले किसानों के संगठनों में से एक, संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) 4 नवंबर को समिति की कार्यवाही में शामिल हुआ, जबकि राज्य सरकार ने किसानों को अदालत द्वारा नियुक्त पैनल की सहायता करने के लिए मनाने के सभी प्रयास किए।

### कृषि क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चिंता

**समिति की रिपोर्ट में बताया गया कि ग्रामीण भारत में औसत दैनिक कृषि आय मात्र 27 रुपये है। बढ़ते कर्ज और घटती कृषि लाभप्रदता ने किसानों और कृषि मजदूरों को गहरे संकट में डाल दिया है। रिपोर्ट में 1995 से अब तक चार लाख से अधिक किसान आत्महत्याओं का उल्लेख किया गया, जिनके पीछे मुख्य कारण कर्जदारी और घटते लाभ हैं।हरित क्रांति से आई समृद्धि ने जहां शुरुआत में कृषि उत्पादन बढ़ाया, वहीं लंबे समय में यह स्थिर उपज, अस्थिर फसल पैटर्न और**

## सलमान खान से मांगी गई थी 5 करोड़ की रंगदारी

■ अब जमशेदपुर में दबोचा गया शख्स



**मुंबई.** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को धमकी भरा संदेश भेजे जाने और पांच करोड़ की रंगदारी मांगे जाने से जुड़े मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस को बड़ी लीड मिलती नजर आ रही है। मुंबई पुलिस ने जमशेदपुर में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने पाया था कि धमकी भरा मैसेज झारखंड के एक नंबर से भेजा गया था। इसी के बाद पुलिस की जांच झारखंड तक पहुंची थी।

एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि वर्ली पुलिस की एक टीम जमशेदपुर से हिरासत में लिए गए संदिग्ध से पूछताछ कर रही है। आरोपी को जांच के लिए मुंबई ले आया जाएगा। इस बीच एक टीम गुवाहाटी रवाना की गई है। बता दें कि पिछले हफ्ते मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर सलमान खान से पांच करोड़ रुपये की रंगदारी की मांग वाला एक धमकी भरा मैसेज मिला था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने इस धमकी की बाबत छानबीन शुरू की थी। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि धमकी भरा मैसेज झारखंड के एक नंबर से भेजा गया था। इसके बाद आरोपी को पकड़ने के लिए टीमें वहां रवाना की गई थीं।

### लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने भी दी थी धमकी

**गौरतलब है कि सलमान खान को पहले ही लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। गिरोह के संदिग्ध सदस्यों ने इस साल अप्रैल में अभिनेता के बांद्रा स्थित घर के बाहर गोलीबारी भी की थी। कुछ महीने पहले ही नवी मुंबई पुलिस ने इस मामले की जांच में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह की ओर से सलमान खान की हत्या की साजिश का पर्दाफाश किया था। इसके बाद सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी।**

## हेलो आपके नाम पर पार्सल है

### MP में वकील को ही कर लिया डिजिटल अरेस्ट

एजेंसियां
**ग्वालियर,** देशभर डिजिटल अरेस्ट के कई मामले सामने आए हैं। ऐसा ही एक मामला मध्य प्रदेश के ग्वालियर से सामने आया है जहां साइबर अपराधियों ने एक वकील को ही डिजिटल अरेस्ट कर 16 लाख रुपए ऐंठ लिए। पीड़ित जगमोहन श्रीवास्तव को 8 अक्टूबर को मोबाइल फोन पर एक कॉल आया था जिसमें आरोपियों ने खुद को सीबीआई और क्राइम ब्रांच के अधिकारी बताया था। उन्होंने फोन पर वकील से कहा कि उनके पास पीड़ित के नाम से एक पार्सल है जिसमें एमडीएमए पार्सल है और इसकी वजह से उन्हें जेल भी हो सकती है। पीड़ित की शिकायत पर ग्वालियर के साइबर विंग में मामला दर्ज किया गया और मामले की जांच शुरू की गई। ग्वालियर के डीएसपी अशोक जादौन ने कहा, पीड़ित जो पेशे से एक वकील हैं, ने गुरुवार, 21 नवंबर को साइबर विंग क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि उन्हें 8 अक्टूबर को एक कॉल आया और कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई क्राइम ब्रांच अधिकारी और बाद में सीबीआई अधिकारी बताया। उन्होंने पीड़ित से कहा कि उनके नाम पर कुछ पार्सल है जिनमें एमडीएमए ड्रग्स है। उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जा सकता है और उन्हें जेल भी हो सकती है। पीड़ित डर गया और साइबर जालसाजों ने उससे लगभग 16 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने बताया कि साइबर एक्सपर्ट ने जानकारी जुटाई और मामले की जांच शुरू की है।

## हिमाचल में यहां किन्नरों को दी जाने वाली शगुन राशि तय



एजेंसियां
**हमीरपुर,** घर में किसी भी तरह का मांगलिक कार्य के होने पर बहुत से परिवारों को किन्नरों द्वारा जबरन की जाने वाली अनशन राशि की मांग का सामना करना पड़ता है। हालांकि हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले की एक ग्राम पंचायत ने इस समस्या से निपटने का एक तरीका खोज निकाला है। ग्राम पंचायत ने शादी व बच्चे के जन्म जैसे विभिन्न मौकों पर किन्नरों को दी जाने वाली शगुन राशि की दरें तय कर दी हैं और इस बारे में एक सूची तैयार की है। इस सूची में विभिन्न मौकों पर किन्नरों के लिए अलग-अलग शगुन राशि निर्धारित की गई है। यह मामला हमीरपुर जिले में आने वाली दारूघनपट्टी कोट पंचायत का है। हालांकि इससे पहले इसी जिले की दारूही ग्राम पंचायत भी ऐसा ही कुछ कर चुकी थी। जिसके बाद दारूघनपट्टी कोट पंचायत ऐसा करने वाली दूसरी ग्राम पंचायत बनी। ग्राम पंचायत के प्रधान गुलशन कुमार ने शुक्रवार को बताया कि पंचायत ने बच्चे के जन्म पर 2100 रुपए तथा विवाह के अवसर पर 3100 रुपए की राशि निर्धारित की है।

### जबरन वसूली पर ग्रामपंचायत ने की थी शिकायत

पंचायत के आदेशों का पालन न करने पर नियमानुसार कार्रवाई करने का भी प्रावधान किया गया है। कुमार ने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने पंचायत सदस्यों से शिकायत की थी कि किन्नर जबरन पैसे वसूल रहे हैं और उनकी ओर से मांगे गए पैसे न दे पाने वाले कुछ लोगों को परेशान किया जा रहा है। कुमार ने कहा कि इस शिकायत के बाद यह निर्णय लिया गया। कुमार के मुताबिक, पंचायत ने गुरुवार को हमीरपुर के जिलाधिकारी को निर्णय की एक प्रति सौंपी। बता दें कि इससे पहले दारूही ग्राम पंचायत ने पिछले महीने फैसला किया था कि बिना उसकी अनुमति के गांव में कोई फेरीवाला नहीं आएगा। साथ ही जबरन पैसे मांगने की शिकायत ग्राम पंचायत तक पहुंचने पर किन्नरों को दी जाने वाली शगुन की राशि भी तय कर दी गई। अब दारूघनपट्टी कोट पंचायत ने भी फैसला किया कि किन्नर अब शगुन के तौर पर मनमानी नहीं कर सकेंगे और उन्हें एक तय राशि दी जाएगी।

## मैं तुमसे ज्यादा तेज...

### मिचेल स्टार्क ने हर्षित राणा को 'धमकाया'



इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया पहला टेस्ट मैच पर्थ के मैदान पर खेला जा रहा है। भारत ने पहली पारी में 150 रन बनाने के बाद 46 रनों की बढ़त हासिल की। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई में भारतीय तेज गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। बुमराह ने पंजा खोला जबकि डेब्यूटेंट हर्षित राणा ने तीन और मोहम्मद सिराज ने दो विकेट चटकाए। शनिवार को दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 51.2 ओवर में 104 रनों पर सिमटी। धाकड़ पेसर मिचेल स्टार्क ने पुछल्ले बल्लेबाज के रूप में भारतीय टीम को काफी देर तक टेंशन दी। स्टार्क ने बल्लेबाजी के दौरान मजाकिया लहजे में हर्षित को 'धमकाया'। दोनों के 'फनी पंगे' का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा। बता दें कि भारत ने पहले दिन ऑस्ट्रेलिया के सात विकेट गिरा दिए। दूसरे दिन एलेक्स कैरी (21) और नाथन लियोन भी जल्दी आउट हो गए। लगा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम 100 रन से पहले ही ऑलआउट हो जाएगी। हालांकि, स्टार्क खूंटा गाड़कर खड़े हो गए। हर्षित जब 30वें ओवर में गेंदबाजी के लिए आए तो उन्होंने स्टार्क को बाउंसर डाली। यह बाउंसर स्टार्क के ग्लव्स पर जाकर लगी। इसके बाद, स्टार्क ने मुस्कुराते हुए कहा, "मैं तुमसे ज्यादा तेज गेंद फेंकता हूं। मेरी याददाश्त बहुत अच्छी है।₹ दरअसल, कंगारू पेसर ने संकेत दिया कि हर्षित को भी इसी तरह की बाउंसर का सामना करना पड़ सकता है। स्टार्क के कमेंट के बाद हर्षित भी हंसते हुए नजर आए। दोनों आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए खेल चुके हैं। स्टार्क के मजाकिया कमेंट पर क्रिकेट फैंस के जमकर रिएक्शन आ रहे हैं। एक यूजर ने कहा, "हर्षित का रिएक्शन कितना बेहतरीन है।" दूसरे ने हंसने वाली इमोजी के साथ लिखा, "उस कमेंट के बाद हर्षित राणा बहुत तेज गेंद डाल रहे हैं।" अन्य ने कहा, "स्टार्क का पुराना साथी 145 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद मार रहा है।"

## बहन का तिलक चढ़ाने गए भाई की मौत

### हर्ष फायरिंग से शादी का माहौल मातम में बदला



एजेंसियां
**पटना,** बिहार में हर्ष फायरिंग का सिलसिला थम नहीं रहा है। ताजा मामला राज्य के गया जिले का है जहां हर्ष फायरिंग ने शादी के माहौल को मातम में बदल दिया। गोली लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक अपनी बहन का तिलक चढ़ाने गया था। घटना गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र के खड़गपुरा गांव का है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। गोली चलाने वाले शख्स की तलाश की जा रही है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय कुन्दन कुमार के रूप में हुई है जो पूर्व प्रमुख अनिल पासवान का बेटा था और अरवल जिले के कुर्था थाना इलाके के जगदीशपुर का रहने वाला था। अनिल पासवान कुर्था प्रखंड के पूर्व प्रमुख हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। तिलक समारोह में लड़की के भाई की मौत की वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के मुताबिक खड़गपुरा निवासी रणजीत पासवान के पुत्र का तिलक समारोह चल रहा था। लड़की पक्ष के लोग तिलक चढ़ाने की तैयारी कर ही रहे थे कि इसी क्रम में लड़के पक्ष की ओर से हर्ष फायरिंग की गई। फायरिंग की चपेट में आने से लड़की के ममेरे भाई कुर्था थानाक्षेत्र के जगदीशपुर ग्राम निवासी पूर्व प्रमुख अनिल पासवान के 25 वर्षीय कुंदन कुमार आ गया और गोली लगने से उसकी मौत हो गई। कुंदन को खून से लथपथ हालत में अनुमंडलीय अस्पताल, टिकारी लाया गया। गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गया रेफर कर दिया। अस्पताल जाने के क्रम में ही कुंदन की मौत हो गई। कुंदन की मौत की खबर सुनते ही तिलक का विधान सम्पन्न नहीं किया गया। हर्ष फायरिंग में घटित घटना की सूचना पर टिकारी थाना की पुलिस ने जांच शुरू की है। मृतक के पिता की लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस फायरिंग करने वाले कि पहचान में जुटी है। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मगध मेडिकल भेजा गया है।

## मौसम विभाग का अलर्ट पांच दिन सुबह छाई रहेगी धुंध



**लखनऊ,** यूपी के शहरों में अगले पांच दिनों तक सुबह हल्का कोहरा और धुंध छाई रहेगी। इस बीच रात के तापमान में गिरावट के आसार हैं। इससे सुबह और शाम की गलन बढ़ने वाली है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम होकर 26.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसलिए दिन में भी छांव वाले स्थानों पर ठंडक का एहसास होता रहा। हालांकि दोपहर में तेज धूप के बाद यह असर से 0.6 डिग्री अधिक होकर 12.4 डिग्री कम हो गया। न्यूनतम तापमान सामान्य सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसलिए सुबह और शाम को गलन का एहसास कम हुआ। आर्द्रता का अधिकतम प्रतिशत 93 रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 26 नवंबर तक सुबह हल्का कोहरा और धुंध छाए रहने के आसार हैं। दोपहर में आसमान साफ रहेगा। इसी दिन से निचले तापमान में गिरावट भी आ सकती है। यह 30 नवंबर से पहले एक से तीन डिग्री तक गिर सकता है। वहीं, आज 23 नवंबर की बात करें तो सुबह कोहरा/धुंध रही तथा दिन के समय में बाद में आसमान साफ होने के आसार बताए जा रहे हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव हो सकता है। आज अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। हालांकि, कानपुर और आस-पास के इलाकों में उत्तर- पूर्वी हवाओं ने सर्दी का खेल बिगाड़ दिया है।

## मणिपुर में मंत्री ने घर के चारों ओर लगवाई कांटेदार बाड़

### सुरक्षाकर्मियों के लिए बनाए बंकर



### नौ लोगों का किया गया अंतिम संस्कार

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा के बीच तीन महिलाओं और तीन बच्चों समेत नौ लोगों का अंतिम संस्कार किया गया। ये सभी मैतेयी समुदाय से थे। 16 नवंबर को तीन महिलाओं और तीन बच्चों के शव मिले थे। ये लोग 11 नवंबर से लापता थे। शव मिलने के बाद लोगों का आक्रोश भड़क गया था।

एजेंसियां
**इंफाल,** मणिपुर के एक मंत्री ने भीड़ के हमले से बचने के लिए अपने पैतृक घर के चारों ओर कांटेदार तार की बाड़ और लोहे का जाल तैयार कराया है। सुरक्षाकर्मियों के लिए अस्थायी बंकर की व्यवस्था भी की गई है। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक मंत्री एल सुसिंद्रो मैतेयी का घर इंफाल पूर्वी जिले के खुरई में है। यहां 16 नवंबर को भीड़ ने हमला किया था। मंत्री ने बताया कि पिछले साल तीन मई को हुए हमले के बाद से तीसरी बार 16 नवंबर को उनकी संपत्तियों पर हमला किया गया, जबकि पुलिस ने 16 नवंबर को तीन मंत्रियों और छह विधायकों के घरों पर हमले के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रदर्शनकारियों ने छह लापता लोगों के शव मिलने पर इनके घरों को निशाना बनाया था। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि 16 नवंबर को प्रदर्शनों के दौरान मंत्रियों और विधायकों के घरों को निशाना बनाने वालों की पहचान कर ली गई है। इस बीच, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने बताया कि राज्य में गत वर्ष मई से भड़की हिंसा में अब तक 258 लोगों की जान जा चुकी है। उन्होंने बताया कि केंद्र की ओर से राज्य में सीएपीएफ की करीब 90 कंपनियां (तकरीबन 10000 जवान) और भेजी जाएंगीं। राज्य में 198 कंपनियां पहले से मौजूद हैं। कुलदीप सिंह ने इंफाल में सुरक्षा समीक्षा बैठक के बाद कहा, 'आतंकवादियों सहित कुल 258 लोगों की मौत हुई है। मंत्रियों और विधायकों की संपत्तियों में तोड़फोड़ और आगजनी के सिलसिले में 32 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि लूटे गए करीब 3,000 हथियार बरामद किए गए हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें सीएपीएफ की लगभग 90 कंपनियां मिल रही हैं, जो राज्य में पहले भेजी गई 198 कंपनियों से अधिक हैं।

## असम में धारदार हथियार से चार लोगों की हत्या

एजेंसियां
**नागांव,** असम के नागांव जिले में एक भयावह घटना सामने आई है। पुलिस के अनुसार नागांव में शुक्रवार रात बदमाशों ने एक ही परिवार के तीन सदस्यों सहित चार लोगों की हत्या कर दी। यह घटना रूपही विधानसभा क्षेत्र के लाओखोवा के पास गोराजन इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि बदमाशों ने पीड़ितों को मारने के लिए धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। घटना के बाद पुलिस की एक टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। स्थानीय लोगों ने पुष्टि की कि मृतकों में से तीन एक ही परिवार के थे। नागांव जिले के पुलिस अधीक्षक स्वप्ननील डेका ने आश्वासन दिया कि मामले की गहन जांच की जाएगी। पुलिस टीम पहले ही मौके पर पहुंच चुकी है और जांच शुरू कर चुकी है।

## संक्षेप...


### ट्रैफिक कंट्रोल के दौरान पुलिसकर्मी पर हमला


**भयंदर,** भायंदर पश्चिम में फ्लाईओवर के पास यातायात नियंत्रित करते समय बिना हेलमेट के एक बाइक सवार से उसके दस्तावेज मांगे जाने पर एक दोपहिया वाहन चालक और उसके साथी द्वारा ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी पर हमला करने का मामला दर्ज किया गया है. यातायात विभाग के पुलिस कांस्टेबल गणेश टेटे भायंदर पश्चिम में फ्लाईओवर के पास मैक्स मॉल नाका पर यातायात नियंत्रण कर रहे थे। पोपटलाल जैन (उम्र-69 वर्ष) और मयंक जैन (उम्र 28 वर्ष) को बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चलाते समय एक ही स्थान पर रोका गया। शिकायत है कि इन दोनों ने सिपाही से झगड़ा किया और पुलिस की वर्दी पर लगे बक्कल नंबर नेमप्लेट को तोड़ दिया और सरकारी ड्यूटी में बाधा पहुंचायी. इस मामले में भायंदर पुलिस स्टेशन में दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 132, 121 (2), 117 (2), 115 (2), 352, 351 (2) और 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया गया है.

## 25 तारीख तक बन सकती है महायुति की सरकार

# महाराष्ट्र ने डंके की चोट पर कहा- एक हैं, तो सेफ! बंपर जीत के बाद बोले PM









मुंबई। महाराष्ट्र में महायुति की प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में वापसी तय है. बीजेपी नीत गठबंधन ने महा विकास आघाडी (MVA) के खिलाफ अजेय बढ़त हासिल कर ली है. रुझानों के मुताबिक, महायुति ने 288 में से 220+ सीटों पर लीड ले रखी है जबकि MVA करीब 50 सीटों पर आगे है. महायुति के भीतर बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है. पार्टी ने 7 सीटें जीत ली हैं और 124 पर आगे चल रही है. मुख्यमंत्री कौन होगा? इस सवाल पर बीजेपी और शिवसेना के नेता अपने-अपने नेता का नाम ले रहे हैं. हालांकि सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि तीनों पार्टियां मिलकर इस बारे में फैसला करेंगी.

महाराष्ट्र चुनाव रिजल्ट में महायुति ने एक तरफा बढ़त बनाई है। 288 विधानसभा सीटों में भाजपा गठबंधन 230 पर आगे है, जिसमें से 107 सीटों पर जीत मिल चुकी है। 123 पर आगे हैं।

वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास अघाड़ी (MVA) 50 का आंकड़ा भी पार करता नहीं दिख रहा। अभी तक MVA ने 22 सीटें जीत ली है, 24 पर आगे हैं।

राज्य में भाजपा गठबंधन की सरकार बनना तय है। मुख्यमंत्री शिंदे और देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि तीनों पार्टी मिलकर तय करेंगी कि राज्य का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा। इससे पहले फडणवीस ने सोशल मीडिया पर लिखा था- एक हैं तो सेफ हैं।

महायुति में बीजेपी, शिवसेना (एकनाथ शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल है, जबकि महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और एनसीपी (शरद पवार) है।

महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग हुई थी। 2019 के मुकाबले इस बार 4% ज्यादा वोटिंग हुई। 2019 में 61.4% वोट पड़े थे। इस बार 65.11% वोटिंग हुई।

## विश्वास नहीं था महाराष्ट्र ऐसा व्यवहार करेगा- उद्धव ठाकरे

### चुनाव नतीजों से नाराज हुए ठाकरे



**मुंबई,** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर शिवसेना उद्धव गुट के प्रमुख उद्धव ठाकरे निराश नजर आए। उन्होंने कहा कि चुनावी नतीजे पूरी तरह से अप्रत्याशित और समझ से परे हैं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा है कि जिस महाराष्ट्र ने कोविड के दौरान परिवार के मुखिया की तरह मेरी बात सुनी थी, वह मेरे साथ इस तरह का व्यवहार करेगा। उन्होंने कहा कि चुनावी नतीजे अपनी जगह हैं, लेकिन हम महाराष्ट्र के अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे। उद्धव ने कहा कि भाजपा के बटेंगे तो कटेंगे नारे ने कोई काम नहीं किया। कुछ चीजें धर्म निरपेक्ष होती हैं, जैसे बेरोजगारी और महंगाई। हर कोई इनसे प्रभावित होता है। इसलिए यह नारा कारगर नहीं हुआ। हम चुनाव परिणाम की समीक्षा करेंगे। हार के कारणों पर मंथन करेंगे।

दो भागों में बंट गई थी शिवसेना

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाविकास अघाड़ी में शामिल शिवसेना उद्धव ने 20 सीटों पर जीत हासिल की है। उद्धव ठाकरे ने 95 सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे। पिछले चुनाव में शिवसेना दो गुटों में नहीं बंटी थी। पिछली बार शिवसेना को 56 सीटें मिली थीं। इस बार शिवसेना के दोनों धड़ों को मिला दें तो सीटों की संख्या 70 के पार हो जाती है। दोनों ही धड़ों को मिले मत प्रतिशत को देखें तो भी इन्हें करीब 23% वोट मिले हैं, जो पिछली बार के 16% वोटों से ज्यादा है। सीधे तौर पर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली पार्टी का सफलता प्रतिशत बेहतर रहा। शिवसेना के सत्तारूढ़ धड़े ने इस बार 81 सीटों पर चुनाव लड़ा और वह 57 सीटों पर जीत हासिल करती दिख रही है।

## कल तक सीएम तय हो जाएगा- तावडे

मुंबई। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि हमें 26 नवंबर तक सरकार बनानी है, क्योंकि 26 नवंबर को विधानसभा का कार्यकाल खत्म हो रहा है। सीएम कौन होगा इसे लेकर फैसला भाजपा, शिवसेना और अजित पवार की पार्टी मिलकर ही करेगी। आज रात या कल तक हम लोग फैसला कर लेंगे कि सीएम कौन होगा।

वहीं फडणवीस ने कहा, 'महाराष्ट्र के लोगों ने हमें अभूतपूर्व जीत दी है। इससे पता चलता है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं। 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' के नारे के अनुरूप, सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर हमारे लिए मतदान किया। यह महायुति, सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम अजीत पवार और रामदास अठावले की जीत है, यह एकता की जीत है। धर्म के नाम पर बांटने की कोशिश नाकाम रही। हमने दुष्प्रचार को चलने नहीं दिया। एक हैं तो सेफ हैं।' पीएम मोदी ने कहा कि



आज बीजेपी हमारे शहरों में लगातार काम कर रही है. आज शहरी भारत इज ऑफ लिविंग चाहता है और उसका भरोसा बीजेपी एनडीए पर है. बीजेपी इसी को ध्यान पर रखकर नीतियां बना रही है. भारत के शहर विकास के इंजन हैं. मैंने लाल किले से कहा था कि मैं एक लाख ऐसे युवाओं को राजनीति में लाना चाहता हूं जिनका परिवार राजनीति में न हो. ऐसे प्रत्याशियों को भी जनता ने आशीर्वाद दिया है. हम देश बनाने के लिए निकले हैं.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के लिए देश की जनता नहीं बल्कि खुद का परिवार महत्वपूर्ण है. दक्षिण में जाकर उत्तर को गाली देना और उत्तर में जाकर दक्षिण को गाली देना और विदेश में जाकर देश को गाली देना. यही कांग्रेस परिवार की सच्चाई बन गई. आज कांग्रेस का अर्बन नक्सलवादी भारत के सामने चुनौती बन गया. इसका रिमोट कंट्रोल विदेश में है. इससे बचके रहना है. कांग्रेस की हकीकत को समझना जरूरी है.पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सामाजिक न्याय की भावना को चूर-चूर कर दिया. कांग्रेस का ये परिवार खुद की सत्ता की भूख मिटाने के लिए जातिवाद का जहर फैला रहा है. एक परिवार की सत्ता भूख इतने चरम पर है कि उन्होंने खुद की पार्टी को ही खा लिया है. देश के पुराने नेता आज भी पुरानी कांग्रेस को ढूंढ रहे हैं. इसलिए कांग्रेस में आंतरिक रूप से आग बढ़ रही है. असंतोष की ज्वाला भड़क चुकी है. सिर्फ एक परिवार के लोगों को कांग्रेस चलाने का हक है.

## महायुति के लिए 'लाड़की बहिन' योजना साबित हुई गेम चेंजर

**मुंबई,** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजे लगभग तय हैं और साफ है कि राज्य में महायुति सरकार दोबारा सत्ता में आएगी. अब तक महायुति 221 सीटों पर आगे चल रही है, लेकिन माविया अभी 100 सीटों के आंकड़े तक नहीं पहुंच पाई है. जबकि एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने 56 सीटों पर जीत हासिल की है. उद्धव ठाकरे की शिवसेना को 16 सीटें मिली हैं. राजनीतिक हलके में चर्चा चल रही है कि माविया को गिराने वाले इस फैसले का श्रेय मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना को है.

विधानसभा चुनाव से पहले महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए महागठबंधन सरकार ने राज्य में मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना शुरू की। यह योजना



जुलाई माह से लागू की गयी थी. इस योजना के माध्यम से महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपये की वित्तीय सहायता दी गई। पहले चरण में 31 जुलाई से पहले आवेदन करने वाली महिलाओं के बैंक खाते में सीधे राशि जमा कर दी गई। जुलाई-अगस्त दो महीने का पैसा महिलाओं को दिया गया. यह योजना रक्षाबंधन से कुछ दिन पहले शुरू की गई थी। इसलिए महिलाओं को लगने लगा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ही पैसा दे रहे हैं. इसके बाद कुछ को जुलाई, अगस्त और सितंबर तीन महीने के लिए 4500 रुपये दिए गए. जिससे महिलाओं में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया। लेकिन महिलाओं का मानना था कि लड़की बहिन योजना का पैसा शिंदे की वजह से था। इस बीच महिला मतदाताओं की प्रतिक्रिया को देखते हुए यह भी देखने को मिला कि प्रिय बहन योजना को लेकर महायुति के नेताओं के बीच अविश्वास की खींचतान शुरू हो गई है. महिलाओं की सहज प्रतिक्रिया को देखते हुए उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी कार्यक्रम और बैठकें कीं और सेलिब्रिटी स्टाइल में महिलाओं से हाथ मिलाया और उन्हें आश्वासन दिया कि लड़की बहिन योजना जारी रहेगी. इसी पृष्ठभूमि में देवेन्द्र फड़णवीस 'देवाभाऊ' बने। इस तरह अजित पवार के दादा हो गए. महायुति के नेताओं ने अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में महिलाओं की बैठकें भी कीं। साथ ही चुनाव प्रचार में महायुति के नेताओं ने लड़की बहिन योजना के मुद्दे को केंद्र में रखा. इसके चलते विरोधियों द्वारा दिए गए बयान कि लड़की बहिन योजना फर्जी है और बंद हो जाएगी, का महिलाओं पर कोई असर नहीं पड़ा। दूसरी ओर, इस डर से कि अगर बीजेपी और शिंदे की सरकार चली गई तो उन्हें पैसे नहीं मिलेंगे, महिलाएं इस बार बड़ी संख्या में वोट देने के लिए निकलीं। यह भी देखा गया कि इसका फायदा महायुति को हुआ. इससे इस साल मतदान प्रतिशत भी बढ़ा. विधानसभा चुनाव के मतदाताओं के आंकड़ों पर गौर करें तो यह अंतर गौर करने लायक है और लोकसभा में 2 करोड़ 63 लाख 49 हजार 66 महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया. इसी संख्या को बढ़ाते हुए 3 करोड़ 6 लाख 49 हजार 319 महिलाओं ने विधानसभा के लिए वोट किया. यानी महिलाओं की वोटिंग में 43 लाख 253 हजार का इजाफा हुआ। वहीं देखा गया है कि लोकसभा की तुलना में विधानसभा में पुरुष मतदाताओं की संख्या में 27 लाख 80 हजार की बढ़ोतरी हुई है.

### महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपये की वित्तीय सहायता



### आम सूचना

मैं श्रीमती विमल सदानंद मेरवाडे सभी को सूचित कर रही हूं कि ब्लॉक ए-377, सुभाष टेकड़ी, कानसई रोड, भरत नगर, कुर्ला कैम्प, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 39 डीओ008708000) उक्त प्रॉपर्टी श्री सदानंद कृष्णा मेरवाडे के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 18.11.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

**सही/-**
**श्रीमती विमल सदानंद मेरवाडे**

### आम सूचना

मैं श्री योगिया गोरक्षनाथ वाघ सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 1508 के पीछे, सेक्शन 30ए, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 45सीओ013914000) उक्त प्रॉपर्टी श्री रतिलाल हिरालाल पवार के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 05.4.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

**सही/-**
**श्री योगिया गोरक्षनाथ वाघ**

### आम सूचना

हम श्री मनिष नटवरलाल पलथानिया व श्री दिपक नटवरलाल पलथानिया सभी को सूचित कर रहे हैं कि घर, बैरक नं. 1416 के सामने, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 41सीआय009291900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती रीना राजेश मकवाना अल्यास रीना नटवरलाल पलथानिया के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 22.11.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

**सही/- श्री मनिष नटवरलाल पलथानिया व श्री दिपक नटवरलाल पलथानिया**

### आम सूचना

मैं श्रीमती सुलेखादेवी कपिल माहातो सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 9, चाल नं.5, आकाश कॉलोनी, बैरक नं. 2077, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 03एओ014144500) उक्त प्रॉपर्टी श्री जयपाल नानिकराम कुंदनानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.11.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

**सही/-**
**श्रीमती सुलेखादेवी कपिल माहातो**

### आम सूचना

मैं श्री कोलिन फ्रेडरिक मानर्जस सभी को सूचित कर रहा हूं कि शॉप, बैरक नं. 692 के सामने, ईएसआयएस हॉस्पिटल के पास, सेंट्रल अस्पताल रोड, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 26बीओ004594700) उक्त प्रॉपर्टी निरिक्शा कोलिन मानर्जस व निवान कोलिन मानर्जस के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 16.11.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

**सही/-**
**श्री कोलिन फ्रेडरिक मानर्जस**

### यौन उत्पीड़नः मोबाइल से अश्लील बनाया वीडियो

## मॉडल से यौन उत्पीड़न के आरोप में एक गिरफ्तार

### शीतल पेय में नशीली दवा देकर किया बेहोश



**मुंबई,** गुणवंत ताराचंद जैन उर्फ निकेश मधानी को वर्सोवा पुलिस ने एक मॉडल से यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया है. जांच में पता चला कि वह पीड़ित मॉडल का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करता था। गिरफ्तारी के बाद, उन्हें अंधेरी की एक स्थानीय अदालत ने पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इस मामले में पीड़िता 30 वर्षीय मॉडल है और अपने परिवार के साथ मलाड इलाके में रहती है. मार्च महीने में उसकी मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए निकेश मधानी से हुई. उन्होंने एक अवॉर्ड शो के लिए अंधेरी स्थित अपने आवास पर बुलाया था। वहां जाकर उसने शीतल पेय में नशीली दवा देकर उसे बेहोश कर दिया। और फिर उसका यौन उत्पीड़न किया. इसके बाद वह मोबाइल पर उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। वह उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसके पति को भेजकर बदनाम करने की धमकी दे रहा था। इस दौरान उसने बार-बार उसका यौन उत्पीड़न किया। ब्लैकमेल और जान से मारने की धमकियों के साथ इस प्रताड़ना से तंग आकर उसने वर्सोवा पुलिस में निकेश मधानी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को इसी अपराध में निकेश मधानी को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तारी के बाद शुक्रवार दोपहर उन्हें अंधेरी की एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। इस बार कोर्ट ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया है. निकेश की एक निजी कंपनी है और वह इस कंपनी में निदेशक के रूप में काम करते हैं। पुलिस ने कहा कि पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और जल्द ही उसका मेडिकल परीक्षण कराया जाएगा।

## टेंपो-निजी बस में टक्कर, 3 लोग घायल

**खोपोली.** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह ब्रेक फेल होने पर एक टेम्पो ने एक निजी बस को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस सीधे खाई में जा गिरी. इस भीषण दुर्घटना में टेंपो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बस में सवार छह यात्रियों को मामूली चोटें आईं। रात करीब 1.30 बजे मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर टेंपो (MH-14-HQ-1069) चिकन लेकर पुणे से मुंबई की ओर जा रहा था। टेंपो जब बोरघाट के ढेकू गांव के पास था, तभी गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया. तभी टेंपो ने ठीक सामने चल रही अरुण ट्रैवल की निजी बस (MH-03-CV-5853) को टक्कर मार दी. अचानक बस लोहे के बैरियर से टकरा गई और बस खाई में पलट गई।

### PUBLIC NOTICE

Upon the instructions of my clients Mr. Madhu K. Achhra. I am issuing this Public Notice. My aforesaid clients have applied to the Ulhasnagar Municipal Corporation for issuance of TDR for the land affected by road widening being: Survey No. 181, Hissa No. 3, Shahad Gaon, Ulhasnagar-421001.

The Ulhasnagar Municipal Corporation has issued the 'Letter of Intent' / 'Iradapatra' dated 6/11/2024 for the grant of expected TDR.

The General Public is hereby informed through this paper notice that, if any one has any objection regarding the same. It may be intimated within 15 days of publication of this Public Notice to me in writing with supporting documents at the address given under:

Issued upon instructions of
Madhu K. Achhra

**Sd/-**

**ASHWIN ADVANI**
**Advocate**
**Tapasya, 37/8, Charandas Chowk,**
**Ulhasnagar-421001.**

## भिवंडी में ग्रामीण शराब समेत 20 लाख 75 हजार का माल जब्त



**भिवंडी,** राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने भिवंडी क्षेत्र के अंजूर गांव और अलीमघर इलाके में गावथी दारू अड्डों पर छापेमारी की. इस कार्रवाई में ग्रामीण शराब समेत 20 लाख 75 हजार का माल जब्त किया गया. इस मामले में नारपोली थाने में 14 मामले दर्ज किये गये थे. भिवंडी के खादी इलाके में गावथी दारू के निर्माण की सूचना उत्पाद शुल्क विभाग को मिली थी. इस सूचना के आधार पर, ठाणे अधीक्षक प्रवीण कुमार तांबे और उपाधीक्षक वैभव वैद्य के मार्गदर्शन में, प्रभागीय भरारी दस्ता, ठाणे भरारी दस्ता नंबर डेन और पालघर प्रभाग के अधिकारियों की एक विशेष टीम ने 11 नवंबर 2024 को छापेमारी की। उपायुक्त प्रदीप पवार का आदेश. इसमें सात वाहन चालकों के खिलाफ 14 और बेटिकट चालकों के खिलाफ सात मामले दर्ज किये गये. इसमें 20 लाख 75 हजार कीमत की 53 हजार 800 लीटर गावठी शराब बनाने के रसायन और अन्य भट्टी सामग्री, 200 लीटर के 354 ड्रम और एक लीटर के तीन भट्टी बॉयलर जब्त किये गये.

उल्हास वि NEWS LIVE
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel
Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर
Since 1985
Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com
epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha
L.L.B., BMM, MA (PS)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099